हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ0प्र0

पृष्ठ सं0 ........................

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभागः शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं0 ..........................................................................

दिनांकः ..........................................................................

**FTS. No.:** ..........................................................................

---

**<u>मा0 कुलपति महोदय</u>**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 26वीं बैठक दिनांक नवम्बर 26, 2026 को ऑफलाइन / ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

V Dixit 27/11/2025

**(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
एवं सदस्य सचिव, विद्या परिषद

Approval on email on 27/11/2025
29.11.2025

DC(AA)

**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक नवम्बर 26, 2025 दिन बुधवार को अपरान्ह 03:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 26वीं बैठक का कार्यवृत्त:**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 26वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0, महानिदेशक प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीतालक्ष्मी के0, अधिष्ठाता, पी0जी0 एण्ड आर0 प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0 एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड जैविक विज्ञान एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 राजेश कुमार वर्मा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 छगन लाल गेहलोत, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | डा0 बी0बी0 सागर, सह अधिष्ठाता, उद्‌भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 रेखा बाली प्रतिनिधि अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोन्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 आशीष कपूर, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 विवेक कुमार, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | डा0 नीरज प्रफुल्ल अवस्थी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | डा0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | श्री अमित कुमार राठौर, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 29. | डा0 अमित कुमार राठौर, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 30. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 31. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 32. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 संजीव कुमार, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय गतिविधियों / उपलब्धियों से अवगत कराया गयाः

1. विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 19/09/2025 को सम्पन्न हुआ, जिसमें 1015 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरविन्दर सिंह साहनी, अध्यक्ष, इण्डियन आयल कारपोरेशन थे। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा की गई।
2. विश्वविद्यालय कार्यों में Digitization को बढावा देते हुये विश्वविद्यालय द्वारा अपना ई0आर0पी0, समर्थ पोर्टल, Consultancy हेतु ई–परामर्श तथा ई–आफिस का प्रयोग किया जा रहा है।

3. अभी हाल में ही विश्वविद्यालय द्वारा ई–वेस्ट की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न की गई है जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य 3.85 लाख था किन्तु 15.49 लाख मूल्य प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय से ई–वेस्ट को सम्बन्धित वेण्डर द्वारा उठा लिया गया है। नान ई–वेस्ट की नीलामी हेतु भी प्रकिया की गई थी किन्तु जेम पोर्टल की तकनीकी खामी से बिड प्रक्रिया नहीं हो सकी थी जिसकी प्रक्रिया पुनः की जा रही है।

4. शैक्षिक सत्र 2025–26 में हेतु सेवायोजन हेतु विश्वविद्यालय में अद्यतन 35 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 145 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है।

5. विश्वविद्यालय के गणित, सी0एस0ई0, केमिकल इंजी0, केमिस्ट्री विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा फैकल्टी / स्टूडेन्स डेवलपमेन्ट प्रोग्राम कराये गये हैं। इसके अलावा लगभग सभी विभागों द्वारा फण्डिंग एजेंसी को रिसर्च प्रोजेक्ट भेजे जा रहे हैं एवं रिसर्च पेपर्स का जर्नल्स में प्रकाशन तथा पेटेंट फाइल किए जा रहे हैं।

6. विश्वविद्यालय के पेन्ट विभाग, PACT (Paint & Coating Association) एवं ISSPA (Indian Small Scale paint Association) द्वारा संयुक्त रूप से पेन्ट मेनूफैक्चरर्स हेतु "फार्मूलेषन एण्ड मेनुफैक्चरिंग आफ वाटर एण्ड साल्वेन्ट बेस्ट पेन्ट" कार्यक्रम कर ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिसमें राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र एवं उ0प्र0 के 21 स्माल स्केल पेन्ट निर्माताओं ने प्रतिभाग किया।

7. विश्वविद्यालय की सी0एस0ई0, मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स, प्लास्टिक एवं फूड विधा के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 की Expert Team का भ्रमण शीघ्र ही प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल, आयल और पेन्ट विधा के बी0टेक0 पाठ्यक्रम द्वारा एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु अपना Pre-qualifier एन0बी0ए0 को प्रेषित कर दिया गया है तथा Self Assesment Report पूर्ण करने की प्रकिया प्रगति पर है।

8. विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के प्रयोगार्थ 01 बस का कय किया गया है तथा 01 बुलेरो वाहन का विश्वविद्यालय के प्रयोगार्थ कय किया जा चुका है, उक्त वाहनों की सम्बन्धित विभाग में पंजीयन कार्यवाही की जा रही है।

9. विश्वविद्यालय के एस0ओ0ई0एम0 तथा सी0एस0ई0 विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं तथा बैडमिन्टन हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं चिकित्सालय विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में रखरखाव का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है।

10. वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्रों को छात्रावास आवंटन में हुई कमी के परिलक्षित हुआ कि छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण आवश्यक है इसके दृष्टिगत् 100 सीटेड छात्रावास निर्माण हेतु प्रस्ताव भवन समिति से अनुमोदनोपरान्त आज वित्त समिति को प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही अवगत कराना है कि एक छात्र एवं एक छात्राओं हेतु छात्रावासों के निर्माण हेतु शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध करा दी गई है।

**मद सं0 26.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 04.09.2025 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 04.09.2025 को सम्पन्न 25वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

मद सं0 26.02 **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 04.09.2025 को सम्पन्न 25वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 04.09.2025 को सम्पन्न 25वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के निम्नवत बिन्दुओं का संज्ञान लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया:

1. बिन्दु सं0 25.04 सप्तम दीक्षान्त समारोह में वितरण की गई 1015 उपाधियों का शाखावार विवरण का संज्ञान लिया। जो कि निम्नवत है:

| Departmentwise list of Degree Awardees 2024-2025 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sr. NO.** | **Programme Name** | **No. of Students appeared in Final Year Examination** | **No. of Students passed succcessfully** | **No. of students passed in First Division (HONS.)** | **No. of Students passed in First Division** | **No.of Students passed in Second Division** |
| | **B.TECH** | | | | | |
| **1** | BE | 22 | 19 | 10 | 8 | 1 |
| **2** | CE | 61 | 59 | 11 | 24 | 24 |
| **3** | CH | 81 | 72 | 33 | 33 | 6 |
| **4** | CS | 82 | 80 | 64 | 15 | 1 |
| **5** | EE | 68 | 63 | 12 | 35 | 16 |
| **6** | ET | 79 | 72 | 26 | 32 | 14 |
| **7** | FT | 21 | 20 | 10 | 4 | 6 |
| **8** | IT | 80 | 79 | 60 | 19 | 0 |
| **9** | LT | 5 | 4 | 2 | 2 | 0 |
| **10** | ME | 78 | 71 | 16 | 39 | 16 |
| **11** | OT | 45 | 43 | 11 | 19 | 13 |
| **12** | PL | 52 | 51 | 8 | 28 | 15 |
| **13** | PT | 54 | 49 | 21 | 20 | 8 |
| | **Total (B.Tech.) A** | **728** | **682** | **284** | **278** | **120** |
| **14** | MCA | 66 | 66 | 54 | 12 | 0 |
| **15** | M.Sc (Data Science) | 12 | 11 | 7 | 4 | 0 |
| **16** | M.Sc (Chemistry) | 7 | 7 | 4 | 3 | 0 |
| **17** | M.TECH | 37 | 37 | 26 | 10 | 1 |
| **18** | MBA | 188 | 179 | 43 | 126 | 10 |
| **19** | BBA | 19 | 19 | 6 | 13 | 0 |
| **20** | 2023-2024 (Students) | 2 | 2 | | 1 | 1 |
| **21** | Ph.D | 12 | 12 | | | |
| | **Total (B.Tech.) B** | **343** | **333** | **152** | **169** | **12** |
| | **G.Total (UG+PG)** | **1071** | **1015** | **436** | **447** | **132** |

2. बिन्दु सं0 25.08.02 विश्वविद्यालय में अध्यनरत बी0टेक0 के अंतिम वर्ष के छात्रों के Extended Intership हेतु गठित समिति कतिपय सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण होने के दृष्टिगत परिषद् ने निम्नवत आंशिक संशोधन का संज्ञान लिया तथा समिति को 15 कार्य दिवस के अन्दर अपनी आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित भी किया:
   1. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, संयोजक
   2. अधिष्ठाता, शोध एवं विकास
   3. अधिष्ठाता, उद्भवन हब
   4. अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन।

**मद सं0 26.03** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार किया। साथ ही प्रो0 सेवायोजन द्वारा अद्यतन स्थिति से अवगत कराया, जिसमें 35 कम्पनीज द्वारा 145 छात्र–छात्राओं को जॉब ऑफर दिया गया, जिस पर परिषद् ने संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 26.04** **विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की परीक्षा समिति की बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की 27वीं बी0ओ0ई0 की सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 26.05** **विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों (पी0एच0डी0 को छोड़कर) के अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्र–छात्राओं हेतु Improvement के लिये मिड टर्म की परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों (पी0एच0डी0 को छोड़कर) के अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्र–छात्राओं हेतु Improvement के लिये मिड टर्म की परीक्षा आयोजित किये जाने सम्बन्ध में निम्नवत निर्णय लिये गये:

1. बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश के बिन्दु सं0 13.02 (a) "The students of final year who have failed in some courses of previous years (1st, 2nd and 3rd) or final year ***on account of very less sessional marks***, shall be eligible to appear for mid semester exams in those subjects along with the regular students in subsequent years. Availing this chance to improve the mid semester marks would require permission from the competent authority i.e. Head of Department concerned, Dean (Academic Affairs) and the Vice Chancellor. However, the marks secured by the candidate in TA shall remain the same." में उल्लिखित ***on account of very less sessional marks*** के स्थान पर **"obtaining less than 40% marks i.e. 20 marks in sessional (out of 50 marks)"** पर अनुमोदन प्रदान किया।

2. परिषद् ने उपरोक्त बिन्दु सं0 01 के अनुमोदन को विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के छात्रों पर लागू किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।
3. परिषद् ने बिन्दु सं0 01 एवं 02 मे उल्लिखित Mid Term Improvement Exam हेतु कैरी ओवर परीक्षा शुल्क की भाँति ही उक्त परीक्षा के लिये रू0 1000/– की धनराशि निर्धारित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।
4. परिषद् ने स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में यदि छात्रों द्वारा दिये गये Mid Term Improvement Exam में कम अंक प्राप्त होते है तो ऐसे छात्रों के पूर्व एवं वर्तमान अंको का आकलन करते हुये Best Marks count किये जाने के साथ ही उक्त परीक्षा को Mid Term Carry Over Exam माना जायेगा।
5. ऐसे छात्र–छात्रा जो कि सम्बन्धी विषय की Mid Term Improvement Exam में passing marks प्राप्त कर लेते है तो उन छात्रों को सम्बन्धी विषय की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा देना Complusory नहीं है। इसके साथ ही छात्र–छात्रा अपने उत्तीर्ण अंको को यदि Improve करना चाहते है तो वह सम्बन्धी विषय की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा देने हेतु प्रतिभाग कर सकता है।

परिषद् ने उपरोक्त निर्णयों को सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के अध्यादेशो में समावेशित करने के निर्देश दिये।

मद सं0 26.06 **<u>विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत Ex-student के पठन्–पाठ्न हेतु कोर्स के सम्बन्ध में।</u>**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के उन Ex-student/Readmitted छात्र–छात्रायें जिन्होनें पुराने सिलेबस एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार नवीन सिलेबस दोनो का ही पठ्न–पाठ्न कार्य शैक्षिक सत्र 2022–23 में पूर्ण किया है के क्रेडिट में आ रहे अन्तर पर समाधान हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि ऐसे छात्र–छात्राओं की समीक्षा की जाये, जिसमें निम्नवत तालिका में छात्रों को 172 क्रेडिट के साथ ही शेष कोर्स को भी पूर्ण करना है **या नहीं (यदि शेष कोर्स पूर्ण करने है तो विश्वविद्यालय में संचालित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कोर्स / MOOCS में कोर्स की उपलब्धता होने पर ही शेष कोर्स को पूर्ण करने के साथ ही विभागाध्यक्ष द्वारा कोर्स की मैपिंग करते हुये ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।)** के सम्बन्ध में अपनी यथोचित आख्या अधिष्ठाता, स्कूल के माध्यम से दिनांक 15.12.2025 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये साथ ही अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को उक्त पर निर्णय लिये जाने हेतु अधिकृत किया।

| B.Tech. year | Old Syllabus Credit (Upto Session 2021-22) | New Syllabus Credit (fromSession 2022-23 onwards) | Credit Difference |
|---|---|---|---|
| 1st year | 40 | 44 | 4 |
| 2nd year | 44 | 48 | 4 |
| 3rd year | 44 | 44 | 0 |
| 4th year | 44 | 44 | 0 |
| **Total** | **172** | **180** | **8** |

मद सं0 26.07 **विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों हेतु Challenge Evaluation लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों हेतु Challenge Evaluation लागू किये जाने के सम्बन्ध में परिषद् ने बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश बिन्दु सं0 18 Challenge Evaluation में दी गई व्यवस्था को समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में भी लागू किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही परिषद् ने पाठ्यक्रमों में संचालित स्पेशल कैरी ओवर की परीक्षाओं का Challenge Evaluation न किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। परिषद् ने उपरोक्त निर्णयों को समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के सम्बन्धित अध्यादेशों में समावेशित किये जाने के निर्देश भी दिये।

मद सं0 26.08 **शैक्षिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों हेतु तैयार शैक्षिक कैलेंडर के सम्बन्ध में।**

शैक्षिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों हेतु पूर्व में निर्धारित शैक्षिक कैलेंडर में कतिपय संशोधन पर परिषद् ने अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा शैक्षिक कैलेंडर का पूर्ण रूप से अनुपालन किये जाने के निर्देश दिये।

मद सं0 26.09 **विश्वविद्यालय में संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में यू0जी0सी0 मानको के दृष्टिगत एक पर्यवेक्षक द्वारा अधिकतम शोध छात्रों को शोध कार्यो हेतु लिये जाने के सन्दर्भ में निम्नवत निर्णय लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया:

1. As per UGC Regulations 2022, Clause 6.3, an additional research scholar may be allotted to a supervisor over and above the prescribed limit, provided the Research Supervisor is implementing a major sponsored research project and the candidate is admitted through the above-mentioned project. Furthermore, each Research Supervisor / Co-Supervisor is permitted to guide international students **on a supernumerary basis.**

2. Ph.D. scholars receiving any fellowship (University Fellowship / UGC / CSIR – JRF/SRF / GATE, etc.) shall be considered as full-time research scholars in accordance with UGC Regulations 2022, Clause 6.3 and will be counted towards Ph.D. seat allotment under the respective faculty cadre.
3. As per HBTU Ph.D. Ordinance, Clause 2.9.3, scholars admitted under the Part-Time Ph.D. category shall not be counted towards Ph.D. seat allotment under the respective faculty cadre.
4. More than one supervisor from the same institution / department may be permitted to supervise a single Ph.D. research scholar with the approval of the Hon'ble Vice-Chancellor, **on a case-to-case basis.**
5. In case of multiple supervisors of the same Ph.D. research scholars, the load / credits of the co-supervisors may be considered as half load with the approval of Hon'ble Vice-Chancellor, **on a case-to-case basis.**

मद सं0 26.10 **विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग द्वारा प्रेषित नवीन ओपेन इलेक्टिव OHS 307/308 को प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्रों हेतु नवीन ओपेन इलेक्टिव OHS 307/308 को प्रारम्भ किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 26.11 **विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग की 10वीं बोर्ड स्टडीज के बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग की 10वीं बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 26.12 **विश्वविद्यालय के गणित विभाग की बोर्ड स्टडीज के बैठक के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के गणित विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में लिये गये निर्णयों का संज्ञान लेते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 26.13 **विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग में बी0टेक0 पाठ्यक्रम में नवीन विधा (B.Tech. Programme Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning) प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग में बी0टेक0 पाठ्यक्रम की नवीन विधा (B.Tech. Programme Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning) को 60 प्रवेश क्षमता के साथ शैक्षिक सत्र 2026–27 से प्रारम्भ किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 26.14** **<u>विश्वविद्यालय के पेन्ट टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम में नवीन विधा M.Tech. in Printing Ink Technology प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के पेन्ट टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम में नवीन विधा M.Tech. in Printing Ink Technology को शैक्षिक सत्र 2026–27 से प्रारम्भ करने सम्बन्धी प्रस्ताव को आगामी विद्या परिषद् में पुनः प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निर्देश दियें।

**मद सं0 26.15** **<u>विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के चयन एवं स्क्रीनिंग समिति हेतु विषय–विशेषज्ञों की सूची के सम्बन्ध में।</u>**

परिषद ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षकों के चयन एवं स्क्रीनिंग समिति हेतु विषय–विशेषज्ञों की सूची के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुये निम्नवत निर्णय लियाः

1. विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित वाहय विशेषज्ञों की सूची में न्यूनतम 40 विशेषज्ञों की संख्या पर अनुमोदन प्रदान किया।
2. विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित वाहय विशेषज्ञों की सूची में यदि प्रतिष्ठित संस्थानों (IIT's / NIT's etc) के विशेषज्ञों की संख्या कम होने पर परिषद् ने संख्या की वृद्धि एवं विशेषज्ञों के नाम में परिवर्तन हेतु अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

27/11/2025

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्